No. of Printed Pages/Questions: 11/17

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Annual Examination - (2022 – 2023)

**Class: VIII** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3.15Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

---

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

***General Instructions:***

**सामान्य निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'क' और 'ख'। खंड 'क' में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और खंड 'ख' में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(4) खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(5) खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(6) सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

### खंड 'क' वस्तुपरक प्रश्न(40 अंक)

**1.निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। कोई भी व्यक्ति अकेला नहीं रही रह सकता, क्योंकि अकेला रहना एक बहुत बड़ी साधना है। जो लोग समाज या परिवार में रहते हैं, वे इसलिए भी रहते हैं, क्योंकि उन्हें एक-दूसरे की आवश्यकता होती है। अत: स्वयं को समाज के लिए उपयोगी बनाना पड़ता है। ईसा ने कहा है, "जो तुममें सबसे बड़ा होगा, वह तुम्हारा सेवक होगा।" समाज की प्रवृत्ति ऐसी है कि यदि आप दूसरों के काम आएँगे, समय पड़ने पर दूसरे भी आपका साथ देंगे। अत: लोकसेवा से मनुष्य की यश पाने की आकांक्षा की भी पूर्ति हो जाती है। लोकसेवा के अनेक रूप हैं; जैसे-सेवा, साहित्य-सेवा आदि। कोई भी रचनात्मक कार्य जिससे सार्वजनिक हित हो, वह परोपकार है। रोग, मृत्यु, शोक, बाढ़, भूकंप, संकट, दरिद्रता, महामारी, उपद्रव आदि में कदम-कदम पर सहानुभूति दर्शाने के अवसर विद्यमान हैं। सहानुभूति और परोपकार का अर्थ केवल दधीचि और गाँधी जैसा बलिदान ही नहीं, बल्कि दयालुता के छोटे-छोटे कार्य, मृदुता का व्यवहार, पड़ोसियों का सहायक बनने की चेष्टा, दूसरों की भावनाओं को ठेस न

पहुँचाना, दूसरों की दुर्बलताओं के प्रति उदार होना, किसी को निर्धन न मानना आदि भी सहानुभूति से जुड़े परोपकार के ही लक्षण है।

(क) **समाज में कोई भी व्यक्ति अकेला नहीं रह सकता, क्योंकि**

**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए**

1. मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।
2. अकेला रहना बहुत बड़ी साधना है
3. अकेला मनुष्य भयभीत रहता है
4. अकेला रहना असंभव कार्य है।

**कूट/विकल्प**

(i) केवल 1 सही है (ii) 1 और 2 सही हैं

(iii) 2 और 3 सही हैं (iv) 3 और 4 सही हैं

(ख) **गद्यांश के आधार पर लोकसेवा का कौन-सा रूप है?**

(i) देश की सेवा

(ii) साहित्य की सेवा

(iii) 1 और 2 दोनों

(iv) सार्वजनिक हित

(ग) **कथन (A) अपने पड़ोसी के साथ मृदुल व विनम्र व्यवहार करना भी परोपकार है।**

**कारण (R) सहानुभूति से जुड़ा व्यवहार भी परोपकार का ही लक्षण है।**

**कूट/विकल्प**

(i) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(घ) **प्रस्तुत गद्यांश में प्रमुख अंतर्निहित मूलभाव है**

(iii) सहानुभूति और परोपकार (ii) निर्धनता और उपकार

(iii) लोकसेवा और साहित्य-सेवा (iv) बड़े-बड़े बलिदान

(ङ) **गद्यांश के आधार पर सहानुभूति से जुड़े परोपकार का क्या लक्षण है?**

(i) दयालुता के छोटे-छोटे कार्य (ii) मृदुता का व्यवहार

(iii) पड़ोसियों का सहायक बनने की चेष्टा (iv) ये सभी

**2. निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

चलो एक आवाज़ उठाएँ---

जीवन देने वाली धरती,
आज हुई है क्योंकर परती?
परजीवी अब हुए पराए,
गर्म हवाएँ क्योंकर चलतीं?
किसको अपनी व्यथा सुनाएँ?
चलो एक आवाज़ उठाएँ।
क्यों मौसम अब नहीं सुहाते?
ज़्यादा गर्मी सर्दी लाते।
क्यों बाढ़ें अक्सर आती हैं?
क्यों बिन बरसे बादल जाते?
किसको एक गुहार लगाएँ?
चलो एक आवाज़ उठाएँ।
क्यों सूखी धरती चटकी है?
क्यों खाली जल की मटकी है?
धरा क्रोध से क्यों धधकी है?
साँस अधर पर क्यों अटकी है?
उग्र धरा को आज मनाएँ------
चलो एक आवाज़ उठाएँ।
अक्षत,रोली,पूजा चंदन-----
नहीं चाहती धरती वंदन

**(क)'चलो, एक आवाज़ उठाएँ' कथन को पढ़कर सही विकल्प कीजिए**

1. धरती को बचाने के लिए
2. प्रकृति को प्रदूषित करने के लिए
3. प्रकृति को प्रदूषणमुक्त करने हेतु
4. गर्म हवाएँ रोकने के लिए

**कूट/विकल्प**

(i) 1 सही है
(ii) 1,2 और 3 सही हैं
(iii) 1 और 3 सही है
(iv) 3 और 4 सही हैं

**(ख) मौसम में कौन-सा परिवर्तन चिंता का कारण नहीं है?**

(i) ज़्यादा गर्मी
(ii) ज़्यादा सर्दी
(iii) ज़्यादा बाढ़
(iv) सभी का समय से आना

**(ग) इस काव्यांश का मूल भाव है-**

(i) पृथ्वी की बदलती हुई जलवायु को लेकर चिंता का भाव  (ii) धरती से प्रेम का भाव

(iii) ठीक से धरती पर फ़सल न होने पर चिंता का भाव  (iv) इनमें से कोई नहीं

**(घ) उग्र धरा को कैसे मनाया जा सकता है?**

(i) अक्षत से  (ii) रोली से

(iii) चंदन और वंदन से  (iv) हरीतिमा से

**(ङ) "क्यों बिन बरसे बादल जाते" में अलंकार है-**

(i) उपमा  (ii) यमक

(iii) अनुप्रास  (iv) श्लेष

**अथवा**

'फिर क्या होगा उसके बाद?'
उत्सुक होकर शिशु ने पूछा
'माँ, क्या होगा उसके बाद?'
'रवि से उज्ज्वल, शशि से सुंदर
नव किसलयदल से कोमलतर।
वधू तुम्हारी घर आएगी,
उस विवाह-उत्सव के बाद।'
पल भर मुख पर स्मित की रेखा
खेल गई, फिर माँ ने देखा-----
कर गंभीर मुखाकृति, शिशु ने
फिर पूछा, "माँ, उसके बाद?"
"फिर नभ के नक्षत्र मनोहर,
स्वर्ग-लोक से उतर-उतर कर,
तेरे शिशु बनने को मेरे
घर आएँगे उसके बाद।"
"मेरे नए खिलौने लेकर,
चले न जाएँ वे अपने घर।"
चिंतित हो कह उठा, किंतु फिर
पूछा शिशु ने, "उसके बाद?"
अब माँ का जी ऊब चुका था।
हर्ष श्रांति में डूब चुका था।
बोली, "फिर मैं बूढ़ी होकर,
मर जाऊँगी उसके बाद।"

**(क) शिशु माँ से बार-बार क्या प्रश्न कर रहा है?**

(i) रवि से उज्ज्वल कौन है (ii) फिर क्या होगा उसके बाद

(iii) शशि से सुंदर कौन है (iv) मेरा विवाह कैसे होगा

**(ख) बालक के चेहरे पर मुस्कान क्यों आ गई**

(i)विवाह के पश्चात् तुम्हारी वधू घर आएगी सुनकर (ii) स्वयं को रवि से उज्ज्वल बताने पर

(iii) माँ की मुखाकृति को देखकर (iv) माँ के उत्तर को सुनकर

**(ग) इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-**

1 शिशु की संवेदनशीलता को स्पष्ट किया गया है

2 शिशु की उत्सुकता को दर्शाया गया है

3 माँ-शिशु के परस्पर संबंध को दर्शाया गया है

4 जीवन में सुख-दुख,आते-जाते रहते हैं

(i) केवल 1 सही है (ii) 2 और 3 सही है

(iii) 1 और 4 सही है (iv) केवल 3 सही है

**(घ) 'फिर मैं बूढ़ी होकर, मर जाऊँगी उसके बाद' काव्यांश में माँ ने ऐसा क्यों कहा है?**

(i) एक दिन सबको मरना होता है इसलिए (ii) शिशु को डराने के लिए

(iii) शिशु की जिज्ञासा को शांत करने के लिए (iv) शिशु के प्रश्नों से ऊब कर

**(ङ) 'चिंतित' में मूल शब्द और प्रत्यय है-**

(i) चिंता मूल शब्द और त प्रत्यय है (ii) चिंता मूल शब्द और ईत प्रत्यय है

(iii) चिंता मूल शब्द और तित प्रत्यय है (iv) चिंता मूल शब्द और इत प्रत्यय है

**3.निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1X4=4**

**(क) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| A.नीरा अच्छी कहानियाँ लिखती है | 1.भाववाच्य |
| B.गवाह को पेश किया जाए | 2.कर्मवाच्य |
| C.चलो,पढ़ा जाए | 3.कर्तृवाच्य |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 3 | 2 | 1 | (ii) | 3 | 1 | 2 |
| (iii) | 1 | 2 | 3 | (iv) | 2 | 1 | 3 |

**(ख) सोहन चल नहीं सकता। इसका भाववाच्य होगा**

(i) सोहन द्वारा चला नहीं गया (ii) सोहन से चला नहीं जाता

(iii) सोहन से चला नहीं गया (iv) सोहन चल नहीं सका

**(ग) कर्तृवाच्य का उदाहरण है**

(i) पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया जा सकता है (ii) पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया जाता है

(iii) पुलिस ने लाठीचार्ज किया (iv) पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया

**(घ) 'स्वयंसेवकों ने गरीबों को कंबल बाँटे' इसका कर्मवाच्य होगा-**

(i) स्वयंसेवकों से कंबल बाँटी जाती है

(ii) स्वयंसेवक गरीबों को कंबल बाँटते हैं

(iii) स्वयंसेवकों द्वारा कंबल बाँटी जाती है

(iv) स्वयंसेवकों द्वारा गरीबों को कंबल बाँटे गए।

**(ङ) निम्नलिखित में से कर्मवाच्य वाला वाक्य छाँटिए**

(i) लोगों ने सूचित कर दिया है (ii) लोग सूचित कर देते हैं

(iii) लोगों को सूचित कर दिया गया है (iv) चलो, सूचित करते हैं

**5.निर्देशानुसार 'वाक्य-विचार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1X4=4**

**(क) 'यदि फसलें अच्छी होतीं तो महँगाई कम होती।' वाक्य में अर्थ की दृष्टि से कौन-सा भेद है?**

(i) निषेधवाचक वाक्य (ii) आज्ञावाचक वाक्य

(iii) संदेहवाचक वाक्य (iv) संकेतवाचक वाक्य

**(ख) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्रित वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सही विकल्प को चुनिए-**

1.जो लोग परिश्रमी होते हैं, उन्हें निराश नहीं होना पड़ता। 2. परिश्रम का फल मीठा होता है। 3. नीता ने जैसे ही पुस्तक माँगी वैसे ही उसे मिल गई। 4.संतों ने कहा है कि अहिंसा परमो धर्म है।

**कूट/विकल्प**

(i) केवल 1 और 3 सही है (ii) 2 और 4 सही है

(iii) 2 और और 3 सही है (iv) 1, 3 और 4 सही है

(ग) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. कल्पना इसलिए बाज़ार जा रही है, ताकि मिठाई खरीद सके। | 1. सरल वाक्य |
| B. कल्पना बाज़ार जा रही है और वह मिठाई खरीदेगी | 2. मिश्र वाक्य |
| C. कल्पना मिठाई खरीदने बाज़ार जा रही है। | 3. संयुक्त वाक्य |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 2 | 3 | 1 | (ii) | 3 | 1 | 2 |
| (iii) | 1 | 2 | 3 | (iv) | 2 | 1 | 3 |

**(घ) 'पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था' इसका संयुक्त वाक्य होगा**

(i) उसका चश्मा असली था, जो पत्थर की मूर्ति थी।

(ii) पत्थर की मूर्ति थी, जिसका चश्मा असली था

(iii) मूर्ति पत्थर की थी लेकिन चश्मा असली था

(iv) जो मूर्ति पत्थर की थी, उसका चश्मा असली था।

**(ङ) 'जितनी तुम उससे आशा करती हो, उतनी पूरी नहीं होने वाली है' इसमें उपवाक्य है-**

(i) संज्ञा उपवाक्य (ii) विशेषण उपवाक्य

(iii) क्रियाविशेषण उपवाक्य (iv) इनमें से कोई नहीं।

**6.निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1X4=4**

**(क) 'उस काल मारे क्रोध के तनु काँपने उनका लगा।**

**मानो हवा के वेग से सोता हुआ सागर जगा ॥ - इसमें अलंकार है**

(i) रूपक अलंकार (ii) उत्प्रेक्षा अलंकार

(iii) यमक अलंकार (iv) श्लेष अलंकार

**(ख) 'हनुमान की पूँछ में लग न पाई आग,**

**सगरी लंका जल गई, गए निशाचर भाग।**

(i) श्लेष (ii) उत्प्रेक्षा

(iii) अतिशयोक्ति अलंकार (iv) मानवीकरण

**(ग) सूची । को सूची ॥ के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A.तीन बेर खाती थीं, वो तीन बेर खाती है | 1.अनुप्रास अलंकार |
| B.रघुपति राघव राजा राम | 2.उपमा अलंकार |
| C.कोटि कुलस सम वचन तुम्हारा | 3.यमक अलंकार |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | 3 | 2 | 1 | (ii) | 3 | 1 | 2 |
| (iii) | 1 | 2 | 3 | (iv) | 2 | 1 | 3 |

**(घ) रूपक अलंकार का उदाहरण है-**

(i) मंगन को देखि पट देत बार-बार है। (ii) नील गगन-सा शांत हृदय हो रहा था।

(iii) चरण-कमल बंदौ हरिराई (iv) मेघ आए बड़े बन ठन के सँवर के
पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के।

**(ङ) दिए गए उदाहरण में शब्दालंकार का उदाहरण है-**

(i) मुदित महीपति मंदिर आए

(ii) धरती तवा-सी जल रही

(iii) क्रोध से बोले यूँ शेष अवतारी। फूँक से ही उड़ा दूँगा ये लंका तुम्हारी॥

(iv) मैया मैं तो चंद खिलौना लैहों

**7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

साँप बोला-"आकाश! आकाश को लेकर क्या मैं चाटूँगा। आकाश में आखिर रखा क्या है? क्या मैं तुम्हारे आकाश में रेंग सकता हूँ। ना भाई, तुम्हारा आकाश तुम्हें ही मुबारक, मेरे लिए तो यह गुफा भली। इतनी आरामदेह और सुरक्षित जगह और कहाँ होगी?" साँप मन-ही-मन बाज की मूर्खता पर हँस रहा था। वह सोचने लगा कि आखिर उड़ने और रेंगने के बीच कौन-सा भारी अंतर है। अंत में तो सबके भाग्य में मरना ही लिखा है-शरीर मिट्टी का है, मिट्टी में ही मिल जाएगा। अचानक बाज ने अपना झुका हुआ सिर ऊपर उठाया और उसकी दृष्टि साँप की गुफा के चारों ओर घूमने लगी। चट्टानों में पड़ी दरारों से पानी गुफा में टपक रहा था। सीलन और अँधेरे में डूबी गुफा में एक भयानक दुर्गंध फैली हुई थी, मानो कोई चीज वर्षों से पड़ी-पड़ी सड़ गई हो।

**(क) 'तुम्हारा आकाश तुम्हें ही मुबारक' यह किसने और किससे कहा?**

(i) साँप ने बाज से (ii) बाज ने साँप से

(ii) पक्षी ने साँप से (iv) नदी ने पर्वत से

**(ख) मरने के बाद शरीर किसमें मिल जाता है?**

(i) हवा में (ii) मिट्टी में

(iii) पानी में (iv) आकाश में

**(ग) 'दुर्गंध' का विपरीतार्थक शब्द बताइए।**

(i) खुशबू (ii) बदबू

(iii) सुगंध (iv) निर्गंध

**(घ) दरार कहाँ पड़ गए थे?**

(i) रेत में (ii) चट्टानों में

(iii) दीवारों में (iv) इनमें से कोई नहीं

(ङ) **'दुर्गंध'** और **'सुरक्षित'** में उपसर्ग और प्रत्यय है-

(i) उपसर्ग-दुः, प्रत्यय-अत (ii) उपसर्ग-दुर्,प्रत्यय-त

(iii) उपसर्ग-दुर्, प्रत्यय-इत (iv)उपसर्ग-दुः, प्रत्यय-इत

**8.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X2=2**

**(क) हुमायूँ की जान कैसे बची?**

(i) शेरशाह द्वारा माफ़ किए जाने से (ii) उचित इलाज होने से

(iii) ब्राह्मण द्वारा शरण दिए जाने से (iv) ब्राह्मण द्वारा पानी पिलाने से

**(ख)गहरे समुद्र में भारी-भरकम जीव कौन-सा था?**

(i) घोंघा

(ii) कछुआ

(iii) मछली

(iv) ऑक्टोपस

**9.निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

कछु भाभी हमको दियो, सो तुम काहे न देत।
चाँपि पोटरी काँख में, रहे कहो केहि हेतु॥
आगे चना गुरूमातु दए तें, लए तुम चाबि हमें नहिं दीने।
स्याम कह्यो मुसकाय सुदामा सों, "चोरी की बान में हौ जू प्रवीने॥
पोटरि काँख में चाँपि रहे तुम, खोलत नाहिं सुधा रस भीने।
पाछिली बानि अजौ न तजौ तुम, तैसई भाभी के तंदुल कीन्हे॥

**(क)सुदामा श्रीकृष्ण से पत्नी की दी हुई क्या चीज़ छिपा रहे थे?**

(i) चना

(ii) चावल

(iii) कोदो

(iv) भुना हुआ चना

**(ख) 'तुम काहे न देत' में तुम किसके लिए प्रयोग किया गया है?**

(i) सुदामा के लिए

(ii) श्रीकृष्ण के लिए

(iii) द्वारपाल के लिए

(iv) सुदामा की पत्नी के लिए

**(ग) 'सुधा रस भीने' का अर्थ है-**

(i) चावल पकने की खुशबू

(ii) अमृत की तरह खुशबू

(iii) शहद की तरह खुशबू

(iv) फूलों की तरह खुशबू

**(घ) श्रीकृष्ण सुदामा को क्या उलाहना देते हैं?**

(i) तुमने अपनी दीन दशा के बारे में कुछ नहीं बताया

(ii) तुम अपने साथ अपनी पत्नी को क्यों नहीं लाए

(iii) मेरे लिए यह कैसा उपहार लाए हो

(iv) तुम चोरी की कला में बहुत निपुण हो

**(ङ) बचपन की किस घटना का जिक्र कृष्ण ने किया?**

(i) सुदामा कृष्ण की मुरली चुराकर बजाने लगे थे

(ii) गुरुमाता का दिया हुआ भुना चना अकेले ही खा लिया था।

(iii) गोपियों के कपड़े चुराकर भाग गए थे।

(iv) इनमें से कोई नहीं

**10.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X2=2**

**(क) कृष्ण गोपियों के घर से कहाँ से माखन चुराते थे?**

(i) बड़े-बड़े मटके से

(ii) छींके की हाँडी से

(iii) बंद डिब्बे और हाँडियों से

(iv) रसोई घर में रखे चूल्हे से

**(ख) कृष्ण किसकी सहायता से छींके तक पहुँचे थे?**

(i) मेज़ (ii) कुरसी

(iii) ओखल (iv) बेंच

**'खंड ब' वर्णनात्मक प्रश्न(40 अंक)**

**पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक**

**11.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X4=8**

(क) बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई?

(ख) साइकिल को विनम्र सवारी क्यों कहा गया है?

(ग) पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम. ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली? उन्होंने आलम आरा फिल्म के लिए आधार कहाँ से लिया?

(घ) टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस-किस के पास गई? टोपी बनने तक के एक-एक कार्य को लिखें।

(ङ) "लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया।" आपके विचार से लाला झाऊलाल ने कौन-कौन सी बातें समझ ली होंगी?

**12.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X3=6**

(क) सुदामा की दीन दशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) द्वारिका से लौटने के बाद सुदामा को नींद क्यों नहीं आती थी?

(ग) हरि-हलधर की जोटी वाक्य में हरि-हलधर किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(घ) श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे?

**13.पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधार निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 3X2=6**

(क) राणा प्रताप कौन थे? उन्होंने जंगलों में फिरना क्यों बेहतर समझा?

(ख) राजा राममोहन राय कौन थे? उनके व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए।

(ग) गाँधी जी की कार्यप्रणाली क्या थी?

**लेखन**

**14.निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए- 6X1=6**

**(क) विद्यार्थियों में बढ़ती हुई अनुशासनहीनता**

**संकेत बिंदु**

*भूमिका *अनुशासनहीनता का अर्थ

*विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व *अनुशासनहीनता को दूर करने के उपाय

**(ख)भारत के राष्ट्रीय पर्व**

**संकेत बिंदु**

*भूमिका

*प्रमुख राष्ट्रीय पर्व

*राष्ट्र के लिए प्रेम की भावना का विकास

*इन त्योहारों का महत्त्व

**(ग)कम्प्यूटर: अद्भुत आविष्कार**

**संकेत बिंदु**

*भूमिका

*कम्प्यूटर पर बढ़ती हुई निर्भरता

*सही तरीके से इसका उपयोग

*कम्प्यूटर से होने वाले समय की बचत

**15.**आप अनिकेत हैं। आपके विद्यालय में अग्रिम प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग संस्थान की कोई व्यवस्था नहीं हैं। नए सत्र में प्राचार्य आप कोचिंग की माँग करते हुए एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। **5X1=5**

**अथवा**

आप राहुल हैं। आप अपने दोस्त अमित को पत्र लिखकर मोबाईल और ऑनलाइन गेम से होने वाले नुक्सान का उल्लेख करते हुए तथा उसे इससे मुक्त होने की सलाह देते हुए एक पत्र लिखिए।

**16.** विज्ञान प्रोजेक्ट के संबंध में हुई दो मित्रों के बीच के संवाद लिखिए। **4X1=4**

**अथवा**

परीक्षा की तैयारी के संबंध में दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद लिखिए।

**17.'विमल दूध'** की बिक्री बढ़ाने के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। **5X1=5**

**अथवा**

आपके मित्र ने चश्मे की दुकान खोली है। इसकी बिक्री बढ़ाने वाला 60 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

---00---